लोक सभा

समाचार भाग - 2

(संसदीय तथा अन्य मामलों संबंधी सामान्य जानकारी)

संख्या 1953-1988] **[गुरुवार, 28 जनवरी, 2021/ 08 माघ, 1942 (शक)**

संख्या 1953 **कम्प्यूटर (हार्डवेयर और साफ्टवेयर) प्रबंधन शाखा (साफ्टवेयर यूनिट)**

संसद सदस्यों के द्वारा उपस्थिति दर्ज करने के लिए मोबाइल अटेंडेंस एप्लीकेशन 'अटेंडेस रजिस्टर' का कार्यान्वयन

माननीय सदस्यगण संसद सत्र के दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर किया करते थे। यह सूचित किया जाता है कि संसद सदस्यों के लिए एक मोबाइल अटेंडेंस एप्लीकेशन 'अटेंडेस रजिस्टर' विकसित किया गया है और सदस्यों द्वारा 17वीं लोक सभा के पिछले चौथे सत्र के दौरान इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया गया था। यह लोक सभा के सत्रों के दौरान संसद भवन परिसर के भीतर स्मार्ट फोन का उपयोग करके उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक सुविधाजनक तरीका सिद्ध हुआ है। यह नोट किया जाए कि यह अटेंडेस एप संसद भवन परिसर के मुख्य क्षेत्र के भीतर ही सक्रिय रहेगा और उसके बाहरी क्षेत्रो में सक्रिय नहीं रहेगा। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में उपयोग में लाया जा रहा उपस्थिति रजिस्टर भी सदस्यों के लिए विकल्प के रूप में उपलब्ध रहेगा।

चूंकि पिछले सत्र के पश्चात मोबाइल 'अटेंडेंस रजिस्टर' एप्लीकेशन को अपडेट किया गया है इसलिए माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने स्मार्ट फोन में पहले से डाउनलोड किए गए मोबाइल एप्लीकेशन को अनइंस्टाल करें और नीचे उल्लिखित दो पद्धतियों में से किसी एक को चुन कर नवविकसित मोबाइल 'अटेंडेंस रजिस्टर' को डाउनलोड करें :

(एक) निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके :

https://parliamentofindia.nic.in/iosfile/android.htm

या

(दो) गूगल प्ले स्टोर/एप्पल स्टोर से 'Lok Sabha AR' एप डाउनलोड करके।

इस एप्लीकेशन के लिए लॉग इन यूजर आईडी वही होगा जिसका उपयोग सदस्य पोर्टल को एक्सेस करने के लिए किया जाता है। सदस्यगण उस डिफॉल्ट पासवर्ड का उपयोग कर सकते है जो उन्हें पिछले सत्र के दौरान दिया गया था। यदि सदस्यों ने अपना पासवर्ड बदला है तो वे बदले हुए पासवर्ड के साथ लॉगिन कर सकते है। तथापि, सदस्यों की सुविधा के लिए सदस्यों को पासवर्ड ई मेल या एसएमएस द्वारा पुन: भेजा जाएगा जिसे वे शुरू में लॉगिन करने के पश्चात बदल सकते हैं ।

एप्लीकेशन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करते समय, सदस्य 'मार्क प्रजेंस/एक्जिट' टैब को प्रेस करें और उसके पश्चात एप द्वारा कहे जाने पर 'क्लिक' और 'सबमिट' टैब को दबा कर अपनी फोटो 'क्लिक' और 'सबमिट' करें। एप स्क्रीन के नीचे फोटो तथा दर्ज किए जाने का समय प्रदर्शित करेगा।

इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए कृपया टेलीफोन संख्या 23035029/23034561 और ई-मेल आईडी : computercentrelss@sansad.nic.in पर संपर्क करें।